
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: sunil.dogra@timesofindia.com Time: 02-18-2026 22:45 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times masala mix

THURSDAY, FEBRUARY 19, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE


## कियारा आडवाणी ने ससुर सुनील मल्होत्रा के निधन पर भावुक पोस्ट किया



# रश्मिका और विजय करेंगे चुनिंदा लोगों के बीच शादी



Image generated by AI, for representational purposes only




साउथ फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में एक निजी समारोह में सात फेरे लेंगे। शादी में सिर्फ फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स शामिल होंगे। इसके बाद 4 मार्च को हैदराबाद में एक भव्य रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे शामिल हो सकते हैं। शादी की तैयारियों के बीच विजय देवरकोंडा ने अपनी आने वाली फिल्म 'रणबाली' की शूटिंग पूरी कर ली है। इस बीच, सोशल मीडिया पर दोनों की शादी के रिसेप्शन का एक इनविटेशन भी वायरल हो रहा है, जिसमें 26 फरवरी को शादी और 4 मार्च को रिसेप्शन की जानकारी दी गई है।

# खतरे से बाहर हैं सलीम खान

सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत को लेकर राहत की खबर है। अस्पताल का कहना है कि सलीम खान की हालत अब स्थिर है और उन्हें जल्द ही वेंटिलेटर से हटाया जा सकता है। 90 वर्षीय सलीम खान को 17 फरवरी की सुबह हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एहतियात के तौर पर उन्हें ICU में रखा गया और वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। डॉक्टर जलील पारकर ने बताया कि सलीम खान को मामूली ब्रेन हेमरेज हुआ है, लेकिन इसके लिए किसी बड़ी सर्जरी की जरूरत नहीं है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी रिकवरी अच्छी हो रही है, हालांकि उम्र के कारण इसमें थोड़ा समय लग सकता है। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया है कि सलीम खान की हालत स्थिर है।



# इस बार के BAFTA में प्रेजेंटर होंगी आलिया भट्ट



आलिया भट्ट ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (BAFTA) अवॉर्ड्स 2026 में प्रेजेंटर के तौर पर शिरकत करेंगी। आलिया भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा हस्तियों में शामिल हो गई हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला है। इस प्रतिष्ठित समारोह को हॉलिवुड ऐक्टर एलन कमिंग होस्ट करेंगे। वहीं आलिया भट्ट के साथ किलियन मर्फी, केट हडसन, एमी लू वुड, ब्रायन क्रैन्स्टन, डेविड जोनसन, डेलरॉय लिंडो, गिलियन एंडरसन, ओलिविया कुक, पैट्रिक डेम्पसी, एरोन पियरे, एलिसिया विकेंडर और ग्लेन क्लोज जैसे बड़े इंटरनैशनल स्टार्स भी बाफ्टा में बतौर प्रेजेंटर शामिल होंगे। वहीं लियोनार्डो डिकैप्रियो, टिमोथी चालमेट, एमा स्टोन, बेनिसियो डेल टोरो और पॉल थॉमस एंडरसन जैसे बड़े नाम भी इस समारोह में शामिल होंगे।

## आलिया ने किया पोस्ट

आलिया ने बाफ्टा की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पर स्टोरी साझा की है। उन्होंने हॉल में अलग-अलग सीट पर फोटो लगी तस्वीर शेयर की। इसके साथ लिखा, 'अगर आप मुझे पहचान लेते हैं तो 100 अंक मिलेंगे।'



केट हडसन

किलियन मर्फी

## प्रियंका और दीपिका ले चुकी हैं हिस्सा

आलिया भट्ट से पहले प्रियंका चोपड़ा जोनस ने 2021 में और दीपिका पादुकोण ने 2024 में बाफ्टा समारोह में बतौर प्रेजेंटर हिस्सा लिया था। अब आलिया का इस मंच पर पहुंचना भारतीय सिनेमा की वैश्विक लोकप्रियता का एक और बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। इससे पहले 36वें बाफ्टा पुरस्कारों में, रोहिणी हट्टंगडी फिल्म गांधी (1982) के लिए सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग ऐक्ट्रेस का बाफ्टा पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं।



T&C available at your nearest dealership. *Ex. Showroom Price of XL6 Zeta Rs. 11.52 lakh, Consumer Offer (-) Rs. 15 000, Scrappage Bonus (-) Rs. 25 000, Corporate Offer (-) Rs. 10 000 = Rs. 11.02 lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers (including ex-showroom price) at the time of purchase. Offers valid on XL6 Zeta Variant. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. ^Offers include consumer offer, exchange bonus, and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. The above offers are valid until stocks last. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. **By select finance partners. Finance is at the sole discretion of the financer and subject to customer eligibility. Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/variants.

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in